संजय कुमार अग्रवाल
अध्यक्ष
Sanjay Kumar Agarwal
Chairman

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड
Government of India
Ministry of Finance
Department of Revenue
Central Board of Indirect Taxes & Customs

**17th March, 2025**

**DO No. 11/News Letter/CH(IC)/2025**

Dear Colleague,

Holi, the festival of colours, was celebrated with joy and enthusiasm last week. Holi is a celebration that represents the triumph of good over evil, the onset of spring, and the opportunity for fresh starts. Let us carry forward the spirit of this festival into our work, contributing to a stronger and more efficient organization. I hope all of you enjoyed the long weekend of Holi with your families. Wishing everyone happiness, prosperity, and success in the year ahead!

CBIC has taken another significant step towards its commitment to Efficiency, Security and Prosperity. The Authorized Economic Operator (AEO) Mutual Recognition Arrangement (MRA) was signed with New Zealand Customs today. This agreement will provide significant benefits to importers and exporters of both countries who are enrolled in the AEO program, ensuring smoother customs clearances, reduced compliance costs, and greater trade facilitation. Notably, this MRA has been concluded in less than a year of signing the Joint Action Plan, reflecting the strong ties, cooperation, and dedicated efforts of both sides. Strengthening such international partnerships underscores CBIC's resolve to enhance global trade efficiency while maintaining high standards of security and compliance.

The All India ADG Conference of NACIN was held last week to deliberate on the contours of capacity-building within CBIC and with a focus on strategies to equip officers with the necessary skills to transition from rule-based to role-based taxpayer services, in alignment with the *Viksit Bharat* vision. Discussions covered key areas such as strengthening NACIN's core competencies, expanding the reach of iGoT courses, standardizing training materials, implementing a Training Management System, and enhancing the infrastructure of Zonal Training Institutes (ZTIs) to ensure a more effective and proactive approach to governance and tax administration.

North Block, New Delhi - 110 001 Tel. : +91-11-23092849, 23092890 E-mail : sanjayk.agarwal@gov.in

The officers of the Coimbatore CGST Commissionerate uncovered a large-scale case of clandestine gold and jewellery supply without the issuance of invoices. Acting on intelligence, multiple searches were conducted at wholesale and retail jewellery firms in Pollachi and Coimbatore. The investigation revealed the use of dual software—one for GST-invoiced transactions and another for unaccounted supplies—pointing to deliberate tax evasion. A significant shortage of 31 kg of gold and 409 kg of silver was detected, and further inquiry indicated that over 305 kg of gold had been supplied without GST, resulting in an estimated tax evasion of Rs. 6.53 crores. Following these findings, a partner of one of the firms, was arrested. The swift and decisive action taken by the officers of the Coimbatore CGST Commissionerate is commendable!

*Until next week!*

Yours sincerely,

**(Sanjay Kumar Agarwal)**

All Officers and Staff of the Central Board of Indirect Taxes & Customs.

संजय कुमार अग्रवाल
अध्यक्ष
Sanjay Kumar Agarwal
Chairman

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सत्यमेव जयते

G20 भारत 2023 INDIA वसुधैव कुटुम्बकम् ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क
Government of India
Ministry of Finance
Department of Revenue
Central Board of Indirect Taxes & Customs

**17 मार्च, 2025**

**DO No. 11/News Letter/CH(IC)/2025**

प्रिय सहकर्मी ,

रंगों का त्योहार, होली, पिछले सप्ताह हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। होली एक ऐसा उत्सव है जो बुराई पर अच्छाई की जीत, वसंत के आगमन और नई शुरुआत के अवसर का प्रतीक है। आइए इस त्योहार की भावना को अपने कार्यों में भी समाहित करें, जिससे हम एक मजबूत और अधिक दक्ष संगठन में योगदान दे सकें। आशा है कि आप सभी ने अपने परिवारों के साथ होली का लंबा सप्ताहांत आनंदपूर्वक बिताया होगा। आने वाले वर्ष के लिए आप सभी को सुख, समृद्धि और सफलता की शुभकामनाएं!

सीबीआईसी ने दक्षता, सुरक्षा और समृद्धि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आज न्यूज़ीलैंड कस्टम्स के साथ ऑथराइज्ड इकनोमिक ऑपरेटर (AEO) म्यूच्यूअल रिकग्निशन अरेंजमेंट (MRA) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता दोनों देशों के उन आयातकों और निर्यातकों को महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करेगा, जो AEO कार्यक्रम में पंजीकृत हैं, इससे कस्टम्स क्लियरेंस को सरल बनाया जाएगा, अनुपालन लागत को कम किया जाएगा, और व्यापार में सुगमता सुनिश्चित होगी। उल्लेखनीय है कि इस MRA को जॉइंट एक्शन प्लान पर हस्ताक्षर करने के एक वर्ष से भी कम समय में अंतिम रूप दिया गया है, जो दोनों देशों के मजबूत संबंधों, सहयोग, और समर्पित प्रयासों को दर्शाता है। इस प्रकार की अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों को सुदृढ़ करना वैश्विक व्यापार दक्षता को बढ़ाने और उच्चतम सुरक्षा व अनुपालन मानकों को बनाए रखने के प्रति सीबीआईसी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

NACIN का ऑल इंडिया एडीजी कांफ्रेंस पिछले सप्ताह आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य सीबीआईसी के अंतर्गत क्षमता निर्माण के स्वरूपों पर विचार-विमर्श करना और अधिकारियों को आवश्यक कौशल से प्रबल करने की रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करना था, ताकि वे नियम-आधारित से भूमिका-आधारित करदाता सेवाओं में परिवर्तन कर सकें, जो *'विकसित भारत'* दृष्टि के अनुरूप हो। चर्चा के मुख्य क्षेत्रों में NACIN की मुख्य क्षमताओं को मजबूत करना, iGoT पाठ्यक्रमों का विस्तार करना, प्रशिक्षण सामग्री का मानकीकरण करना, एक प्रशिक्षण प्रबंधन प्रणाली को लागू करना, और ज़ोनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट्स (ZTI) के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करना शामिल था, ताकि शासन और कर प्रशासन में अधिक प्रभावी और सक्रिय दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके।

कोयंबटूर सीजीएस़टी कमिश्नरेट के अधिकारियों ने बिना चालान जारी किए सोने और आभूषणों की गुप्त सप्लाई का एक बड़ा मामला उजागर किया है। खुफिया सूचना के आधार पर पोल्लाची और कोयंबटूर में थोक और खुदरा ज्वेलरी फर्मों पर सर्च अभियान चलाए गए। जांच में ड्यूल सॉफ़्टवेयर के उपयोग का खुलासा हुआ—एक जीएसटी चालान वाले लेनदेन के लिए और दूसरा बिना चालान वाली सप्लाई के लिए—जो जानबूझकर की गई कर चोरी की ओर संकेत करता है। जांच में 31 किलोग्राम सोने और 409 किलोग्राम चांदी की कमी पाई गई, और आगे की जांच में सामने आया कि 305 किलोग्राम से अधिक सोने की बिना जीएसटी सप्लाई की गई थी, जिससे अनुमानित ₹6.53 करोड़ की कर चोरी हुई। इन खुलासों के बाद, एक फर्म के साझेदार को गिरफ्तार किया गया। कोयंबटूर सीजीएसटी कमिश्नरेट के अधिकारियों द्वारा की गई त्वरित और निर्णायक कार्रवाई सराहनीय है!

*अगले सप्ताह तक !*

भवदीय,

संजय कुमार

**(संजय कुमार अग्रवाल)**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के सभी अधिकारी और कर्मचारीगण।